अमर उजाला

Sitapur News: नकली खाद की फैक्टरी का भंडाफोड़, 600 बाेरियां जब्त

गाेंदलामऊ। संदना थाना क्षेत्र के निमतापुर गांव के एक मकान में शनिवार को छापा मारा गया। टीम के पहुंचते ही मकान से लोग निकल कर भागने लगे। इस दौरान पुलिस ने छह लोगों को मौके से हिरासत में लिया। वहीं, मकान के अंदर बड़ी संख्या में नकली खाद की बोरियां मिलीं जिसे प्रशासन ने जब्त कर लिया। पुलिस के मुताबिक इस फैक्टरी का मास्टर माइंड फरार है।

इलाके के निमतापुर गांव निवासी पंकज दीक्षित उर्फ गुड्डू के घर पर जिला कृषि अधिकारी मनजीत कुमार ने पुलिस बल संग छापा मारा। टीम ने पाया कि घर के अंदर नकली खाद बनाई जा रही थी। मकान के अंदर से छह सौ बोरी नकली खाद की बोरियां बरामद हुईं। मौके से कई सफेद बोरियों भी मिलीं। वहीं कई उपकरण भी बरामद हुए हैं। थाना प्रभारी चंद्रभान यादव ने बताया कि कुछ अन्य लोगों से भी पूछताछ चल रही है।

Source: https://www.amarujala.com/uttar-pradesh/sitapur/fake-fertilizer-factory-busted-600-bags-seized-sitapur-news-c-102-1-slko1037-121355-2024-11-03